UTTRAKHAND BOARD

Question Paper

aglasem.com

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

034

234 (HJK)

2024
सामाजिक विज्ञान
SOCIAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे] **[पूर्णांक : 80**

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 80**

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

Directions : There are in all 27 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 9 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 10 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।
Question No. 10 to 19 are short answer type questions, to be answered in about 80 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 20 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।
Question No. 20 to 26 are long answer type questions, to be answered in about 120 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 27 मानचित्र से सम्बन्धित है। मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।
Question No. 27 is Map related question. Attach the map inside your answer book.

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

[P.T.O.

1. (क) औद्योगीकरण सबसे पहले कहाँ शुरू हुआ था? 1

(i) संयुक्त राज्य अमेरिका (ii) इंग्लैंड

(iii) फ्रांस (iv) रूस

Where did industrialisation first begin?

(i) U.S.A. (ii) England

(iii) France (iv) Russia

(ख) सन् 1942 में कौन सा आंदोलन शुरू हुआ? 1

(i) खिलाफत आंदोलन (ii) असहयोग आंदोलन

(iii) सविनय अवज्ञा आंदोलन (iv) भारत छोड़ो आंदोलन

Which movement was started in 1942?

(i) The Khilafat Movement

(ii) The Non-Cooperation Movement

(iii) The Civil Disobedience Movement

(iv) The Quit India Movement

(ग) प्रथम विश्व युद्ध में कौन सा देश केन्द्रीय शक्तियों का हिस्सा नहीं था? 1

(i) जर्मनी (ii) ऑस्ट्रिया-हंगरी

(iii) ऑटोमन तुर्की (iv) संयुक्त राज्य अमेरिका

Which country was not a part of Central Powers in the First World War?

(i) Germany (ii) Austria-Hungary

(iii) Ottoman Turkey (iv) U.S.A.

(घ) मुद्रण की सबसे पहली तकनीक कहाँ विकसित हुई थी? 1

(i) ब्रिटेन (ii) जर्मनी

(iii) चीन (iv) भारत

Where was the earliest kind of print technology developed?

(i) Britain (ii) Germany

(iii) China (iv) India

(ङ) इनमें से किस राज्य में काली मृदा मुख्य रूप से पाई जाती है? 1

(i) जम्मू और कश्मीर (ii) राजस्थान

(iii) महाराष्ट्र (iv) झारखण्ड

In which of the following states black soil is predominantly found?

(i) Jammu and Kashmir (ii) Rajasthan

(iii) Maharashtra (iv) Jharkhand

(च) निम्नलिखित में से कौन सा उस कृषि प्रणाली को दर्शाता है जिसमें एक ही फसल लंबे-चौड़े क्षेत्र में उगाई जाती है? 1

(i) स्थानांतरी कृषि (ii) बागवानी

(iii) रोपण कृषि (iv) गहन कृषि

Which one of the following describes a system of agriculture where a single crop is grown on a large area?

(i) Shifting Agriculture (ii) Horticulture

(iii) Plantation Agriculture (iv) Intensive Agriculture

(छ) झारखण्ड में स्थित कोडरमा निम्नलिखित में से किस खनिज का अग्रणी उत्पादक है? 1

(i) बॉक्साइट (ii) अभ्रक

(iii) लौह अयस्क (iv) तांबा

Koderma, in Jharkhand is the leading producer of which one of the following minerals?

(i) Bauxite (ii) Mica

(iii) Iron ore (iv) Copper

(ज) निम्न में से कौन सा उद्योग बॉक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है? 1

(i) एल्युमीनियम प्रगलन (ii) सीमेंट

(iii) कागज (iv) स्टील

Which one of the following industries uses bauxite as a raw material?

(i) Aluminium Smelting (ii) Cement

(iii) Paper (iv) Steel

2. उस सूची का नाम बताइए जिसमें आने वाले विषयों पर संघ और राज्य सरकार दोनों कानून बना सकती हैं? 1

Name the list on which subjects both the Union and the State governments can make laws?

3. व्यक्तियों के बीच धार्मिक आस्था के आधार पर भेदभाव न करने वाले व्यक्ति को क्या कहा जाता है? 1

What a person is called who does not discriminate others on the basis of religious beliefs?

4. 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में किस राजनीतिक दल ने सर्वाधिक सीटें जीती? 1

Which political party won the most number of seats in Lok Sabha elections held in 2019?

5. 'लोकतांत्रिक व्यवस्था राजनीतिक समानता पर आधारित होती है'। – यह कथन सत्य है या असत्य? 1

Democracies are based on political equality.'– Is this statement True or False?

6. 'भूमिगत जल' और 'कच्चा तेल' में से कौन एक नवीकरणीय संसाधन का उदाहरण है? 1

In 'Ground Water' and 'Crude Oil', which one is an example of renewable resource?

7. भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है? 1

When the National Consumers Day is celebrated in India?

8. एन आई सी का पूरा नाम लिखिए। 1

Write the full name of NIC.

9. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) का आदर्श वाक्य क्या है? 1

What is the motto of National Service Scheme (NSS)?

10. जी-77 देशों से आप क्या समझते हैं? जी-77 को किस आधार पर ब्रेटन वुड्स की जुड़वाँ संतानों की प्रतिक्रिया कहा जा सकता है? 3

What is referred to as the G-77 countries. In what ways can G-77 be seen as a reaction to the activities of the Bretton Woods twins?

11. मार्टिन लूथर ने धार्मिक क्षेत्र में मुद्रण कला का उपयोग किस प्रकार किया? 3

How did Martin Luther utilise the art of printing in the religious field?

12. आरक्षित वन, रक्षित वन तथा अवर्गीकृत वन में विभेद कीजिए। 3

Differentiate in Reserved forests, Protected forests and Unclassed forests.

13. रेल परिवहन कहाँ पर अत्यधिक सुविधाजनक परिवहन साधन है तथा क्यों? 3

Where and why is rail transport the most convenient means of transportation?

14. किसी भी राजनीतिक दल के क्या गुण होते हैं? 3

What are the characteristics of a political party?

15. लोकतंत्र, नागरिकों की गरिमा और आजादी को कैसे बढ़ावा देता है? स्पष्ट कीजिए। 3

How does democracy promote dignity and freedom of citizens? Clarify.

16. असंगठित और संगठित क्षेत्रक के बीच आप विभेद कैसे करेंगे? अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए। 3

How would you distinguish between organised and unorganised sectors? Explain in your own words.

17. उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the rights of consumers.

18. प्राथमिक उपचार में डी.आर.ए.बी.सी. से क्या तात्पर्य है? समझाइए। 3

What is meant by DRABC in the First Aid? Explain.

19. इमारतों को बाढ़ से बचाने हेतु सुरक्षात्मक उपायों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the protective measures to save the buildings from flood.

अथवा/OR

सुनामी के कारणों और प्रभावों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

Briefly mention the causes and effects of Tsunami.

20. पहले विश्व युद्ध ने भारत में राष्ट्रीय आंदोलन के विकास में किस प्रकार योगदान किया? समझाइए। 4

How the First World War helped in the growth of the National Movement in India? Explain.

21. फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान का भाव पैदा करने के लिए फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने क्या कदम उठाए? 4

What steps did the French revolutionaries take to create a sense of collective identity among the French people?

अथवा/OR

निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए- 2+2=4

Write short notes on following -

(क) स्पिनिंग जेनी मशीन (ख) रिंडरपेस्ट

Spinning Jenny machine Rinderpest

22. बताइए कि परंपरागत वर्षा जल संग्रहण की पद्धतियों को आधुनिक काल में अपनाकर जल संरक्षण एवं भंडारण किस प्रकार किया जा रहा है? 4

Describe how modern adaptations of traditional rainwater harvesting methods are being carried out to conserve and store water?

अथवा/OR

आप ऐसा क्यों सोचते हैं कि भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्ज्वल है? स्पष्ट कीजिए।

Why do you think that solar energy has a bright future in India? Explain.

23. भारत की संघीय व्यवस्था में बेल्जियम से मिलती-जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताइए। 4

Point out one feature in the practice of federalism in India that is similar to and one feature that is different from that of Belgium.

अथवा/OR

1992 के संविधान संशोधन के पहले और बाद के स्थानीय शासन के दो महत्वपूर्ण अंतरों को बताइए।

State any two differences between the local government before and after the constitutional amendment in 1992.

24. भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है? समझाइए। 4

What is the status of women's representation in India's legislative bodies? Explain.

25. गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहों के संगठनों के पीछे मूल विचार क्या है? अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए। 4

What is the basic idea behind the Self-Help Groups (SHGs) for the poor? Explain in your own words.

अथवा/OR

ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों में क्या अंतर है?

What are the differences between formal and informal sources of credit?

26. 'वैश्वीकरण का प्रभाव एक समान नहीं है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 4

'The impact of globalisation has not been uniform.' Explain this statement.

27. (अ) दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर उन दो राज्यों की पहचान कर उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ हुईं-

(क) दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1

(ख) चम्पारन सत्याग्रह आंदोलन 1

(A) On the given political outline map of India, locate and label two states where the following events happened-

(a) Indian National Congress session was held in December 1920

(b) Champaran Satyagraha Movement

(ब) दिए गए भारत के इसी मानचित्र पर संकेतों की सहायता से निम्नलिखित को दर्शाइये और उन स्थानों के नाम भी लिखिए तथा मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए-

(ग) दुर्गापुर लौह एवं इस्पात संयंत्र ☒ चिन्ह से 1

(घ) मोरन-हुगरीजन तेल क्षेत्र △ चिन्ह से 1

(ङ) हीराकुड बांध परियोजना ○ चिन्ह से 1

(च) तूतीकोरिन समुद्री पत्तन □ चिन्ह से 1

(B) On the same given map of India, locate and label the following with symbols as marked against each and attach the map to your answer book-

(c) Durgapur Iron and Steel plant with the sign ☒

(d) Moran-Hugrijan oil field with the sign △

(e) Hirakud Dam Project with the sign ○

(f) Tuticorin sea port with the sign □

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है:

Note : The following question is for the Blind candidates only in lieu of question number 27:

(अ) उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ घटित हुई-

(क) दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1

(ख) चम्पारन सत्याग्रह आंदोलन 1

(A) Write the name of States where the following events happened-

(a) Indian National Congress session was held in December, 1920

(b) Champaran Satyagraha Movement

(ब) उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित स्थित हैं-

(ग) दुर्गापुर लौह और इस्पात कारखाना 1

(घ) मोरन-हुगरीजन तेल उत्पादन क्षेत्र 1

(ङ) हीराकुड बांध परियोजना 1

(च) तूतीकोरिन समुद्री पत्तन 1

(B) Write the name of states where the following are situated -

(c) Durgapur Iron and Steel Plant

(d) Moran-Hugrijan Oil field

(e) Hirakud Dam Project

(f) Tuticorin Sea Port


* * * * *

2024

234 (HJK)

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

प्रश्न संख्या 27 के लिए
(For Q. No. 27)



केवल परीक्षकों के लिए (For Examiners Only)	प्रश्न संख्या 27 (Q. No. 27)	अ (A)		ब (B)			
		क (a)	ख (b)	ग (c)	घ (d)	ङ (e)	च (f)
	प्रदत्त अंक (Marks Provided)						

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers